# सहारनपुर में पकड़ी गई नकली दवा, हरकत में आया ड्रग विभाग

Publish Date:Wed, 03 Mar 2021 09:29 PM (IST)Author: Jagran

रुड़की और भगवानपुर नकली दवा का हब बन चुका है। किसी भी राज्य में नकली दवा पकड़ी जाएं तो उसका संपर्क रुड़की और भगवानपुर से ही निकलता है। बुधवार को सहारनपुर में पकड़ी गई नकली दवा का लिक भी रुड़की ही निकला।

संवाद सहयोगी, रुड़की: रुड़की और भगवानपुर नकली दवा का हब बन चुका है। किसी भी राज्य में नकली दवा पकड़ी जाएं तो उसका संपर्क रुड़की और भगवानपुर से ही निकलता है। बुधवार को सहारनपुर में पकड़ी गई नकली दवा का लिक भी रुड़की ही निकला। जिसके बाद औषधी नियंत्रण विभाग हरकत में आ गया है। बड़े पैमाने पर कार्रवाई की तैयारियां की जा रही हैं।

पिछले साल दिसंबर में ही ड्रग विभाग ने रुड़की और भगवानपुर से ढाई करोड़ रुपये की नकली दवा पकड़ी थी। ये दवा देश के विभिन्न राज्यों में सप्लाई हो रही थी। इस मामले में की जांच अभी पूरी भी नहीं हुई है और सहारनपुर में बुधवार को पकड़ी गई नकली दवा की खेप में एक बार फिर रुड़की का नाम सामने आया गया है। सहारनपुर पुलिस और औषधी नियंत्रण विभाग की टीम ने नकली दवा से भरी जिस गाड़ी को पकड़ा है। वह रुड़की से ही नकली दवा लेकर जा रही थी। पुलिस ने जिन दो व्यक्तियों को पकड़ा है वे भी रुड़की क्षेत्र के ही बताए जा रहे हैं। सभी दवा रुड़की क्षेत्र में स्थित एक दवा कंपनी से ले जाई जा रही थी। उत्तराखंड औषधी नियंत्रण विभाग के अधिकारी लगातार सहारनपुर पुलिस और वहां के औषधी नियंत्रण विभाग की टीम के संपर्क में हैं। पकड़े गए दोनों आरोपितों से हुई पूछताछ में जो बातें सामने आई हैं, उसके आधार पर कार्रवाई की जा रही है।

नकली दवा के मामले में मुखबिर था एक आरोपित

रुड़की: सहारनपुर पुलिस ने नकली दवा के मामले में जिन दो आरोपितों को पकड़ा है, उनमें एक आरोपित पिछले साल पकड़ी गई नकली दवा के मामले में मुखबिर रह चुका है।

Source: https://www.jagran.com/uttarakhand/haridwar-fake-medicine-caught-in-saharanpur-drug-department-came-into-action-21425523.html